ज्वाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

क्रमांक–129

प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

दिनांक–25.10.2024

जनेकृविवि में एन्टोमोलॉजी सिंपोज़ियम का आयोजन

जबलपुर 25 अक्टूबर, 2024 । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में कीटशास्त्र एवं जनेकृविवि कीटशास्त्र एल्युमिनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में कीटशास्त्र संगोष्ठी एवं कीटशास्त्र पुनःमिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत कीटशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त पूर्व विभागाध्यक्षों एवं पूर्व प्राध्यापको का कुलपति डॉ. मिश्रा द्वारा स्मृति चिन्ह, शाल व श्रीफल से अलंकरण किया गया, साथ ही विभाग के दिवंगत एवं विदेशो में निवासरत पूर्व प्राध्यापको के सम्मानार्थ विभाग के विद्यार्थियों द्वारा तैयार लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में प्रमुख आयोजक डॉ. एस.बी. दास, विभागाध्यक्ष कीटशास्त्र ने सभी पूर्व प्राध्यापको द्वारा कीटशास्त्र विभाग को प्रदान की गई उल्लेखनीय सेवाओ के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। साथ ही इस कार्यक्रम में उपस्थित विभाग के पूर्व छात्र जो इंडक्ट्री एवं प्राइवेट सेक्टर में उच्च पदों पर अग्रणी भूमिका का निर्वाहण कर रहे है उनके द्वारा वर्तमान छात्रों के मार्गदर्शन का महत्व बताते हुये आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की।

अभिनन्दन कार्यक्रम में ख्यातितलब्ध कीटशास्त्री क्रमशः डॉ. आर.के. अग्रवाल पूर्व विभागाध्यक्ष, डॉ. कोपी कटियार, पूर्व प्राध्यापक, डॉ. ए.के. खत्री, पूर्व विभागाध्यक्ष व पूर्व प्रमण्डल सदस्य, डॉ. के.के. नेमा, पूर्व प्राध्यापक, डॉ. बी.एस. चौधरी पूर्व प्राध्यापक, डॉ. एस.एस. जखमोला, पूर्व अधिष्ठाता, डॉ. राजेश पचौरी पूर्व प्राध्यापक, डॉ. राजेश वर्मा, पूर्व अधिष्ठाता, डॉ. ए.के.भौमिक, डॉ. एस.एस. शाह पूर्व अधिष्ठाता कृषि संकाय आई.जी.के.वि.वि. का कुलपति डॉ. मिश्रा द्वारा अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश एवं छत्तीगढ़ से पधारे कीटशास्त्र विभाग के सभी पूर्व प्राध्यापको ने अपने उद्बोधन में विभाग की शैक्षणिक एवं अनुसंधानिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विभाग के वर्तमान प्राध्यापको, वैज्ञानिकों एवं छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया। साथ ही विश्वविद्यालय एवं कीटशास्त्र विभाग द्वारा सम्मान किये जाने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि संकाय, डॉ. धीरेन्द्र खरे ने अपने उद्बोधन में सभी पूर्व प्राध्यापको की विशिष्ट उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए इस आयोजन को विश्वविद्यालय के प्राध्यापको, वैज्ञानिको एवं विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण निरूपित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कीटशास्त्र विभाग ज.ने.कृ.वि.वि. के गौरवशाली इतिहास व सभी पूर्व विभागाध्यक्षों व कीट वैज्ञानिको के राष्ट्रीय–अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कीटशास्त्र विषय में प्रदान किये गए विशिष्ट योगदान को अंत्यत प्रेरणादायी निरूपित किया। साथ ही कीटशास्त्र विभाग द्वारा पूर्व प्राध्यापकों के अभिनन्दन एवं स्नात्तकोत्तर व पी.एच.डी. छात्रों के मार्गदर्शन हेतु आयोजित इस कार्यक्रम के लिए कीटशास्त्र विभाग की सराहना की।

उद्घाटन सत्र में नव गठित होने जा रहे जनेकृविवि एल्युमिनी एसोसिएशन के प्रस्तावित मोनो का विमोचन कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डॉ. अमित कुमार शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं सह प्राध्यापक कीटशास्त्र ने एम.एस.सी., पी.एच.डी. विद्यार्थियों के लिए एग्रो बेस्ड राष्ट्रीय एवं बहु राष्ट्रीय निजी कम्पनियों स्टार्टप तथा अन्य क्षेत्रों में कैरियर निर्माण की असीम संभावनाओ को उल्लेखित किया। इस सत्र में डॉ. ए.के. अवस्थी विभाग प्रमुख कृषि महाविद्यालय बिलासपुर ने कृषि कीट विज्ञान पाठ्यक्रम एवं शोध कार्यों हेतु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। श्री प्रवीण दत्ता, Founder Director Amcae Foundation एवं Product Development Consultant ने अपने व्यख्यान में निजी क्षेत्र की कृषि उत्पाद आधारित राष्ट्रीय–बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में रोजगार की संभावनाओं, कैरियर निर्माण एवं वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप विद्यार्थियों को विभिन्न पहलुओं में मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ. एस.बी. दास, विभागाध्यक्ष कीटशास्त्र विभाग द्वारा विभिन्न महाविद्यालय से पधारे वैज्ञानिको एवं विभाग के एल्युमिनी सदस्यों का स्मृति चिन्ह द्वारा अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में एम.एस.सी. एवं पी.एच.डी. कीटशास्त्र में अध्ययनरत छात्र–छात्राएँ सम्मिलित हुये।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित कुमार शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ए.के सक्सेना प्राध्यापक कीटशास्त्र विभाग द्वारा किया गया।

संगोष्ठी के आयोजन में श्री प्रवीण दत्ता, डॉ. आर.एस. मारावी, डॉ. ए.के. पाण्डेय, डॉ. एम.के. नायक, डॉ. योगेश पटेल, श्री पालिपाल, श्री ध्रुवनायक, श्री सत्येन्द्र पटेल, श्री जगदीश वरास्कर, डॉ. धारना, डॉ. नेहा शर्मा, ज्योति कुशवाहा, डॉ. कैलाश चौकीकार, सुश्री अंचल एवं मनीषा सहित सभी पी.एच.डी. एवं एम.एस.सी. अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।